उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार–249404

संख्याः 37 / 01 / डी0आर0(डिग्री) / सेवा–2 / 2021–22 दिनांक 23 मई, 2023

लघु विज्ञप्ति
असिस्टेंट प्रोफेसर (राजकीय महाविद्यालय) चयन–2021

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि असिस्टेंट प्रोफेसर (राजकीय महाविद्यालय) चयन–2021 की विज्ञप्ति संख्याः 302 / 01 / डी0आर0(डिग्री) / सेवा–2 / 2021–22, दिनांक 30 जनवरी, 2023 के क्रम में विभिन्न विषयों के लिए जारी अनर्ह सूची, अभ्यर्थन निरस्त एवं अधिमानी अर्हता की सूची के संबंध में अभ्यर्थियों को साक्ष्यों सहित आयोग कार्यालय में दिनांक 14 फरवरी 2023 तक प्रत्यावेदन प्रस्तुत करने का अंतिम अवसर प्रदान किया गया था, जिसके क्रम में मा0आयोग द्वारा दिनांक 14 फरवरी 2023 तक प्राप्त विषयवार प्रत्यावेदनों का निस्तारण करते हुए प्रत्यावेदन निस्तारण संबंधी सूची को आयोग की वेबसाईट Website:psc.uk.gov.in पर प्रसारित कर दिया गया है। उक्त के क्रम में विषयवार अर्ह अभ्यर्थियों की संख्या श्रेणीवार / उपश्रेणीवार निर्धारित पद के सापेक्ष 2 गुने से कम होनें के कारण दिनांक 17 जून 2022 को मा0 आयोग के कार्यवृत के बिन्दु संख्या–63(1)(2) एवं उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग परीक्षा परिणाम निर्माण प्रक्रिया नियमावली 2012 के चतुर्थ संशोधन 2016 के नियम–05 में उल्लिखित प्राविधान के क्रम में अर्ह अभ्यर्थियों की संख्या निर्धारित पद के सापेक्ष 2 गुने से कम होने पर केवल एक बार के लिए मेरिट के आधार पर श्रेणीवार / उपश्रेणीवार अतिरिक्त अभ्यर्थियों को विषयवार संशोधित कटऑफ के आधार पर शार्टलिस्ट किया गया है।

अतः संशोधित कट ऑफ के सापेक्ष शार्टलिस्ट अभ्यर्थियों को साक्ष्यों सहित ऑनलाईन आवेदन में किये गये समस्त दावों हेतु आयोग कार्यालय में अभिलेख प्रस्तुत करने के लिए नियमानुसार 15 दिन, दिनांक 07 जून, 2023 तक अंतिम अवसर प्रदान किया गया है, तद्पश्चात अभ्यर्थियों के इस विषय में प्राप्त किसी भी प्रत्यावेदन / प्रमाण–पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा। उक्त से संबंधित सूचना को आयोग की वेबसाईट Website:psc.uk.gov.in पर प्रसारित कर दिया गया है। यह भी सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थियों को इस संबंध में डाक के माध्यम से पृथक से सूचना प्रदान नही की जायेगी।

Sd/-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।